प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को मिला युवा वैज्ञानिक पुरस्कार

पंतनगर 30 दिसम्बर 2025। उत्तराखण्ड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा आयोजित 20वां उत्तराखण्ड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सम्मेलन देहरादून में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में युवा वैज्ञानिक पुरस्कार प्राप्त कर महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। गणित, सांख्यिकी एवं कम्प्यूटर विज्ञान विषय में श्री दिव्यांशु; केमिकल साइंसेज़ में श्री आशीष कुमार सागर एवं सुश्री स्तुति आर्या, तथा बायोटेक्नोलॉजी, बायोकैमिस्ट्री एवं माइक्रोबायोलॉजी के क्षेत्र में कु. दिव्या पंत को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डा.) मनमोहन सिंह चौहान ने सभी विद्यार्थियों को उनके सलाहकारों, विभागाध्यक्षों तथा विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता की उपस्थिति में आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने शोधार्थियों को भविष्य में और अधिक उत्कृष्ट शोध कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया तथा अपेक्षा व्यक्त की कि वे अपने शोध कार्य को उच्च स्तरीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित करें। इन उपलब्धियों ने न केवल विद्यार्थियों की शोध क्षमता एवं समर्पण को प्रदर्शित किया है, बल्कि महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षणिक स्तर को भी प्रतिबिंबित किया है।

इस अवसर पर डा. एस.बी. सिंह, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, गणित, सांख्यिकी एवं कम्प्यूटर विज्ञान विभाग; डा. लक्ष्मी तिवारी, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग; डा. विवेकानंद, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, रसायन विज्ञान विभाग; डा. ओम प्रकाश, प्राध्यापक, रसायन विज्ञान विभाग तथा विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. आर.सी. श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

